कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक-17/09/2025

विषयः-थाना सिगरा पुलिस द्वारा 30 अदद देशी शराब पाउच (विन्डीज लाईम) कुल-06 लीटर के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी, व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0356/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त राजू पुत्र प्रेम निवासी ग्राम सैदपुर, थाना सैदपुर, जनपद गाजीपुर उम्र करीब 35 वर्ष को कैन्ट ओवरब्रिज के नीचे पिलर नं0 57 के पास मोड़ के पास थाना क्षेत्र सिगरा से दिनांक 17/09/2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः-

दिनांक 17.09.2025 को थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन में मामूर होकर कैन्ट ओवरब्रिज के नीचे पिलर नं0 57 के पास मोड़ पर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर खास की सूचना के आधार पर एक व्यक्ति जो सफेद धारीदार शर्ट व काले रंग की पैंट पहने हुए है जो रोडवेज बसस्टैण्ड के पीछे आर्केडिया होटल की तरफ जाने वाला रास्ते पर बस की आड में खडा है और अपने हाथ में एक प्लास्टिक का सफेद झोला लिए हुए को घेरकर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम राजू पुत्र प्रेम निवासी ग्राम सैदपुर, थाना सैदपुर, जनपद गाजीपुर उम्र करीब 35 वर्ष बताया। जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

विवरण पूछतांछ -

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से नाम व पता पूछने पर अपना नाम राजू पुत्र प्रेम निवासी ग्राम सैदपुर, थाना सैदपुर, जनपद गाजीपुर उम्र करीब 35 वर्ष बताया तथा पकड़े गये व्यक्ति से कड़ाई से पूछा गया तो बता रहा है कि मेरे पास 30 अदद देशी शराब पाउच विन्डीज लाईम देशी शराब तीव्र (मसालेदार) मात्रा 200 ml/ पाऊच कुल-06 लीटर है, जिसे बिहार राज्य में ले जाकर ऊँचे दामों में बेंचता हूँ आप लोगों को देखकर पकड़े जाने के डर से भाग रहा था किन्तु आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र- राजू पुत्र प्रेम निवासी ग्राम सैदपुर, थाना सैदपुर, जनपद गाजीपुर उम्र करीब 35 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 17/09/2025 को,स्थान- कैन्ट ओवरब्रीज के नीचे पिलर नं0 57 के पास मोड़ के पास से।

बरामदगी का विवरण-

1- 30 अदद देशी शराब पाउच विन्डीज लाईम देशी शराब तीव्र (मसाला) मात्रा 200 ml/ पाऊच कुल-6 लीटर।

2- 260/- रू0 नगद।

<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 श्री पुष्कर दूबे चौकी प्रभारी रोडवेज थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार बन्धु थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0कां0 रामसमुझ यादव थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. कां0 शिवनारायण थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी